हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जनवरी 2025
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम रेहची में महिलाएं चला रही हैं स्वच्छता अभियान

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पंचायत रेहची में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत में प्रयास महिला समूह द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। वे शासकीय कचरा वाहन लेकर गांव में घर–घर जाकर कचरा इकट्ठा करती हैं। अध्यक्ष रजनी मंडले, सचिव राजेश्वरी देसलहरे, लेखपाल ईशुमती, कोषाध्यक्ष लता गायकवाड, सदस्य भानाबाई देसलहरे, रवीना, पुष्पा, गोरीबाई, चमेली बाई, शिव कुमारी, संगीता उपस्थित थे। अध्यक्ष रजनी मंडले ने कहा कि हमारे गांव में घर से निकलने वाले कचरा जो गांव बस्ती गली में चारों तरफ फैला रहता था, लेकिन हमने और हमारे समूह द्वारा यह कदम उठाया की गांव स्वच्छता अभियान चलाकर घर–घर जाकर कचरा इकट्ठा कर उसे एक जगह एकत्रित किया जाएगा, जिसमें गांव के प्रत्येक घर से 20 रुपए की राशि ली जाएगी जो समूह के काम आएगा, जिससे हम रोजगार के लिए कोई नया कदम उठा सके।

### सशिमं रेंगाडबरी में हुआ वार्षिक उत्सव



**डौंडीलोहारा।** मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को वनांचल के सरस्वती शिशु मंदिर रेंगाडबरी में वार्षिक उत्सव व मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सियाराम सार्वा, सरपंच इन्द्रपाल तुमरेकी, अमीर दास कृपाणें संकुल समन्वयक डौंडीलोहारा, संयोजक नंदुराम भंडारी, अध्यक्ष श्रीमती देवकी निषाद, श्रीमति पदमा रावटे, रविकांत पाण्डेय छ ग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक रेंगाडबरी, निरंजन पडौती अध्यक्ष आजा सेवा सहकारी समिति रेंगाडबरी, फगवा राम निषाद ग्राम पटेल, जयेश जैन, डोमार नायक एवं आचार्य दीदी हेमकुमारी कुंजाम, नीरा नायक, लोकिता बढ़ाई, संजय मिश्रा एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित थे।

## बैठक

### आगामी नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई भाजपा की बैठक

# मायने यह नहीं रखता कि पार्षद या अध्यक्ष का चुनाव कौन लड़ेगा, हमें भाजपा के लिए काम करना है : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने वार्ड पार्षद के चुनाव के लिए 15 और 16 जनवरी को बैठक आहूत की है। इस विषय में मंडल की बैठक मंगलवार को ली गई, जहां पर जाने वाले पर्यवेक्षकों को वार्ड में किन–किन बिंदुओं पर बैठक लेनी है, इस विषय पर चर्चा की गई।

भाजपा नेता राकेश यादव ने कहा कि पार्षद या अध्यक्ष का चुनाव कौन लड़ेगा वह गौण है, हमें कमल फूल के लिए काम करना है, भाजपा को पालिका में जिताओ, विकास कार्यों की कमी नहीं होगी। राकेश यादव ने बताया कि अभी 4 करोड़ का कार्य बालोद पालिका क्षेत्र हमने लाया है, आगे और भी राशि लाएंगे। उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी चुनाव में आपकी भूमिका अहम होनी चहिए, समय कम है, अभी से कमर कस के तैयार हो जाओ। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की दावेदारी की सूची को आपको लेना है। कार्यकर्ताओं से कहा कि दावेदारी सब करो, आपका अधिकार है, पर पार्टी ने जिसको प्रत्याशी बनाया है, उसको जिताना है। पार्टी के खिलाफ कोई अनुशासनहीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी तथा आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री संतोष कौशिक ने किया। बैठक में अल्पसंख्यक प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, जिला मंत्री शरद ठाकुर, अम्बिका यादव, पालक ठाकुर, सुरेन्द्र देशमुख, पार्षद राजू पटेल, रवि प्रकाश पाण्डेय, विनोद कौशिक, दीपक देवांगन, तुलसी यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की : चोपड़ा

बैठक में मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने कहा कि हमें ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है। बालोद नगर पालिका में अगर भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बनता है, तो आने वाले समय में बालोद विकसित शहर में गिना जाएगा, क्योंकि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और यह ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की जवाबदेही हम सब कार्यकर्ताओं की है। कार्यकर्ता अपना एक–एक मिनट आने वाले समय में कैसे हम इस चुनाव को जीतते हैं, उसके लिए लगाए, जनता इस बार मन बना कर बैठी है कि 10 साल बालोद को पीछे धकेलने वाले लोगों को सबक सिखाना है।

### पार्षद और अध्यक्ष दोनों भाजपा का हो : सोनी

बैठक में उपस्थित भाजपा नेता कमलेश सोनी ने कहा कि इस बार कांग्रेस को नगर पालिका परिषद से उखाड़ फेंकना है, एक–एक कार्यकर्ता अपने आप को प्रत्याशी मानकर वार्ड में कार्य करें। पार्षद भी हमारा बनना चाहिए और अध्यक्ष भी हमारा बनना चाहिए। इसके लिए आप लोग आज से प्रयत्न में लग जाए, 5 करोड़ का काम भारतीय जनता पार्टी ने एक महीने में बालोद में स्वीकृत कराया है, यह हमारी बड़ी उपलब्धि है।

### प्रत्याशी कौन होगा इसकी चिंता छोड़, पार्टी को जिताने के लए करें काम

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश निर्मलकर ने कहा कि पर्यवेक्षकों को वहां जाकर दावेदारों की सूची को लेकर आना है और जो संपूर्ण विषय मंडल में दिए हैं, उसको बैठक में नीचे तक उतरना है, ताकि उसका लाभ हमें मिले, इसके बाद मंडल चयन समिति तीन नाम का पैनल बनाकर जिला को भेजेगी, उसके बाद चयन जिला से होना है। प्रत्याशी कौन होगा इस बात की चिंता ना करते हुए भाजपा कैसे जीते इस बात की चिंता हम सबको करनी चाहिए।

### भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने मिलकर करें कार्य : पवार





**डौंडी।** अगामी दिनों होने वाले त्रि स्तरीय पंचायत एवं नगरी निकाय चुनाव के आरक्षण की घोषणा होने के बाद 12 जनवरी को जिले की कार्यशाला संपन्न होते ही भाजपा मंडल डौंडी की मंडल स्तरीय कार्यशाला 14 जनवरी को सामुदायिक भवन पुलिस मैदान में रखी गई। बैठक में निवर्तमान जिला अध्यक्ष नगरी निकाय व त्रि स्तरीय पंचायत डौंडी मंडल के प्रभारी कृष्णकांत पवार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का निर्माण पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं बालोद जिले का निर्माण पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने किया है। आज डबल इंजन की सरकार केन्द्र में नरेंद्र मोदी की है और राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाएं लाई जा रही हैं, धरातल पर पारदर्शिता से आम जनता को लाभ दिलाने पंचायत एवं नगरी निकाय में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को जीत दिलाना है। कार्यशाला में विशेष रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं मंडल स्तरीय चयन समिति के सदस्य मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ रुपेश नायक, अनूसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेन्द्र माहला, मनीष झा, सोमेश सोरी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनीता कुमेटी, जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री अजय चौहान, छगन यद्दु, दिनेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अनूसूचित जनजाति शुभ सिंह कोरेटी, चुनाव समिति सदस्य रामनरायण धनकर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### सरदार पटेल मैदान के ...

दौरान लगातार वाहनों के आवाजाही को सहन न कर सका और उसमे भी उस एक सप्ताह के दौरान एक छोटा गढ्ढा हो गया, जिसे नगरपालिका प्रशासन ने अनदेखा कर दिया, जिससे देखते देखते मात्र 15 दिनों में इतना बड़ा हो गया है कि दो फूट से बड़ा गढ्ढा हो गया है और पुनः वाहनो के फंसने के साथ इस मार्ग से चारपहिया वाहन चालक अपना वाहन नहीं निकाले पा रहे है। वही मैदान मे स्थित प्रसाधन कक्ष मे गंदगी भरी हुई है, मैदान नशेड़ियों का अड्डा हो गया है। सुरक्षा व रोशनी का अभाव है जिससे रात्रि मे इस मैदान से गुजरना भयभीत कर देने वाला है। मैदान उबड़ खाबड़ हो गया है। पर मैदान की दिशा व दशा सुधारने की ओर किसी का ध्यान नहीं है।

### ओवरलोड ट्रक से बीच सड़क ....

तालगांव और रानी माई मंदिर के बीच मोड़ के पास धान से भरा 16 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था, गनीमत कोई जनहानि नहीं हुई थी। ट्रक के पलटने के बाद धान से भरी सभी बोरियां सड़क और किनारे में गिर कर बिखर गई। अब धान के ओवरलोड परिवहन के कारण इस तरह से हादसे का भी एक मामला सामने आ गया है। शायद प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है, शायद तभी वे इन ओव्हरलोड धान के वाहनों पर अंकुश लगाएगी।

### डीएड प्रशिक्षित ...

द्वारा उच्च न्यायालय में समुचित पक्ष रखा जाए तथा 5 मार्च 2019 को जारी छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम के तहत पदोन्नति दी जाए।






हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 ग्राम विनायकपुर के ग्रामीणों को मिली 70 लाख के विकास ...



12 मायने यह नहीं रखता कि पार्षद या अध्यक्ष...





## खबर संक्षेप



### दो बाइक में भिड़ंत दंपति घायल

**बालोद।** ग्राम सिवनी के पास ओवरटेक करने के प्रयास में एक बाईक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, चालकों को चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि एक बाइक पर पति पत्नी सवार थे तथा दूसरी बाइक पर दो युवक सवार थे। पति पत्नी की हालात गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें 108 के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका ईलाज किया गया।

### कोलिहापुरी में सामूहिक विवाह आज

**अंडा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह 15 जनवरी को ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल होंगे, अध्यक्षता छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछडा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर करेंगे। कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगा।

### चिंगरी में मंगल भवन का लोकार्पण आज

**अंडा।** विधायक निधि से वार्ड क्रमांक-02 में निर्मित मंगल भवन का लोकार्पण आज किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर होंगे, अध्यक्षता माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य करेंगे।

### ग्राम डौकीडीह में मड़ई-मेला कल

**अंडा।** ग्राम डौकीडीह में 16 जनवरी को भक्त गुहा निषाद राज जयंती एवं मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मोर संगी जंहुरिया नाचा पार्टी ग्राम गुजरा जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम होगा। सरपंच मोहन लाल चन्द्राकर ने बताया कि मड़ई मेला के अवसर पर रात्रि चौसर पासा प्रतियोगिता भी रखी गई है। इसके लिए प्रवेश शुल्क 200 रूपए है। इसके विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 3001 रूपए प्रदान किए जाएंगे। वहीं, द्वितीय पुरस्कार 2001 तथा तृतीय पुरस्कार 1001 रूपए रखा गया है।

### बेलहारी और जामगांव आर में मानसगान प्रतियोगिता 17 से

**जामगांव आर।** ग्राम बेलहारी और जामगांव आर में 17 से 19 जनवरी तक तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता, मेला का आयोजन रखा गया है। जामगांव आर में 17 जनवरी को रात्रि 7.30 बजे से आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार चेतन देवांगन की पंडवानी एवं 19 जनवरी को रात्रि 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ सुरगी की मनमोहन प्रस्तुति होगी। बेलहारी में मड़ई मेला का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

### शराब दुकान कर्मचारी से मारपीट, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** पुरानी रंजिश के कारण ग्राम अरकार की शराब भट्ठी में मल्टीवर्कर का कार्य करने वाले व्यक्ति से दो लोगों ने मारपीट कर दी। इस मामले में व्यक्ति ने सनौद थाने में दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। ग्राम दियाबाती निवासी प्रार्थी तेजप्रताप साहू ने बताया कि सोमवार को मैं शराब भट्ठी अरकार में काम कर रहा था, उसी दौरान दोपहर करीबन 1 बजे ग्राम अरकार निवासी तरूण ठाकुर, भोजराम निषाद शराब भट्ठी के सामने आकर मुझे बेवजह पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर मारपीट की है।

# कोरोना काल में छूटी नौकरी, पत्नी की सलाह से शुरू की फूलों की खेती, 10 को दे रहे रोजगार

संजय कुमार साहू ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में पत्नी के हौसले ने एक पति को ऊंची उड़ान उड़ने के लिए प्रेरित किया और आज वे फूलों की खेती कर सालाना लाखों रुपए कमा रहे हैं। जिले के एक छोटे से गांव गुरेदा निवासी देवेंद्र सिन्हा फूलों की खेती कर जहां स्वयं लाखों कमा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आसपास के कई लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि कोरोना काल में उनकी नौकरी चली गई और वे बेरोजगार हो गए। ऐसी स्थिति में उनकी पत्नी दीप्ति सिन्हा ने उन्हें हौसला दिया और फूलों की खेती के लिए प्रेरित किया। उनकी पत्नी को गेंदे की खेती करने का थोड़ा बहुत अनुभव अपने पिता से मिला था, जिसने देवेंद्र सिन्हा को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला। अब बीते वर्षों में यह परिवार फूलों की खेती कर जहां समृद्धि की ओर निरंतर बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। इनके बाग में खिलने वाले गुलाब से उड़ीसा के मंदिर भी महकने लगे हैं। साथ ही देवेंद्र अब बड़े मंच पर बालोद जिले को उद्यानिकी के क्षेत्र में रिप्रेजेंट भी करने लगे हैं।

**ओडिशा जाता है फूलः** देवेंद्र और उसकी पत्नी ने बताया कि हमारे खेतों के गुलाब ओडिशा को भी महकाते हैं। उन्होंने पहले प्राथमिक बाजार के रूप में दुर्ग भिलाई को अपनाया था, जहां आज भी नियमित रूप से जाता है। उसके बाद हाई डिमांड पर इसे उड़ीसा भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि हमारे गुलाब के फूलों की मांग ओडिशा में काफी ज्यादा है।

## गुरेदा निवासी देवेंद्र अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणास्त्रोत

### सरकार से मिला सहयोग

कृषक ने बताया कि फूलों की खेती के लिए उन्हें सरकार से काफी मदद मिली। पहले तो लोन मिला उसके बाद 50 प्रतिशत सब्सिडी मिली, तब जाकर मैं संभाल पाया। फूलों की खेती के लिए यहां एक बेहतर बाजार उपलब्ध है और सरकार भी सहयोग कर रही है तो हमें पारंपरिक कृषि से अपनी कुछ जमीन के हिस्सों में फूल इत्यादि की खेती भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले 65 डिसमिल में फूलों की खेती शुरू की थी, जिसे आज एक एकड़ तक कर पा रहा हूं।





### 2 एकड़ में रजनीगंधा की फसल हो रही तैयार

फूलों की खेती से हो रहे लाभ से लगातार प्रेरित होकर देवेंद्र सिन्हा और उनका परिवार अब और आगे बढ़ते हुए दो एकड़ में रजनीगंधा की खेती कर रहे हैं। कुछ दिनों में यह रजनीगंधा के पौधे तैयार हो जाएंगे और फूल तोड़ने लायक हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि वे गोबर खाद के साथ-साथ फर्टिलाइजर तथा खुद के द्वारा तैयार किए हुए खाद का भी उपयोग करते हैं।

**चुनाव : कहा- सिर्फ नपा अध्यक्ष की पत्नी होने से टिकट पर हक नहीं मिल जाता**

# प्रियंका चोपड़ा नहीं लड़ेंगी नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका बालोद में अध्यक्ष का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के बाद से वर्तमान अध्यक्ष विकास चोपड़ा की पत्नी प्रियंका चोपड़ा के चुनाव लड़ने की चर्चा व्याप्त थी, जिस पर विराम लगाते हुए प्रियंका चोपड़ा ने स्पष्ट कर दिया है कि वह टिकिट की दावेदार नहीं है। इस संबंध में विकास चोपड़ा व उनकी पत्नी प्रियंका चोपड़ा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात कर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। चर्चा में प्रियंका चोपड़ा ने आने वाले समय में राजनीति में आने की मंशा जाहिर कर दी है।

इस भेंट के बाद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा की पत्नी प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि जब से बालोद पालिका अध्यक्ष पद सामान्य महिला आरक्षित हुआ है, तब से बहुत से लोग मुझे चुनाव लड़ने की सलाह के साथ ही भरपूर सहयोग देने की बात कह रहे है। वहीं, कुछ समाचार पत्रों में भी मेरा नाम सामने आ रहा है, उन सभी का बहुत शुक्रिया। प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि नगर में मेरे पति पहले व्यक्ति रहे हैं, जिन्हें बालोद की जनता ने दो बार इस पद पर रहने का ऐतिहासिक गौरव दिया और लगातार 10 वर्षों तक वे इस पद पर रहे, यही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उनकी पत्नी होना ही इस बात का आधार नहीं हो सकता कि अब इस टिकट पर मेरा हक है। श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि मुझे लगता है कि जो महिलाएं सक्रिय रूप से राजनीति से जुड़ी हुई हैं, उनमें से किसी को मौका मिलना चाहिए।

**खास बातें**

- सक्रिय राजनीति से जुड़ी पार्टी की महिला कार्यकर्ता को मौका देने का किया आग्रह
- पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात कर दी चुनाव नहीं लड़ने की जानकारी



### जब कभी मुझे लगेगा कि मैं उपयुक्त हूं, तब जरूर टिकिट मांगूगी

श्रीमती चोपड़ा ने कि यह भी कहा कि जब कभी मुझे लगेगा कि मैं उपयुक्त हूं, तब जरूर टिकिट मांगूगी। पर हां लोगों का स्नेह और प्रोत्साहन को देखते हुए भविष्य में सक्रिय राजनीति में आने का मन जरूर बना रही हूं। बाकि जैसा पार्टी और मेरे पति उचित समझें। मैंने अपने मन की बात से आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपज बैज और महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम से मुलाकात कर उनको भी अवगत करा दिया है।

# सरदार पटेल मैदान के गेट के पास गड्ढा, नहीं पाट पा रहे जिम्मेदार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के जिस मैदान में विकास का सपना दिखाकर पार्टियां अपने पक्ष में प्रचार करती हैं, वही सरदार पटेल मैदान अपने विकास की राह देख रहा है। मैदान में सर्वत्र गंदगी के साथ मैदान में जाने का मार्ग भी सुरक्षित नहीं है। प्रवेश द्वार में एक छोटे से गढ्ढे की मरम्मत का कार्य भी नहीं हो पा रहा है, महीनों से आम जनता को इस गड्ढे से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

चुनाव प्रारंभ होने के बाद जिला मुख्यालय स्थित सरदार पटेल मैदान अब चुनाव सभा स्थल बन जाएगा, जहां सांसद से लेकर विधायक व पार्टियों के बड़े पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ता चुनावी सभा मे सम्मिलित होंगे, लेकिन स्वयं इस सरदार पटेल मैदान मे ही कई समस्याएं हैं, उन्हें अब तक कोई दूर नहीं कर पाया है जिसके कारण आए दिन इस मैदान से गुजरने वाले लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। जहां चुनावी सभा का आयोजन होता है वह स्थल कई खामियों से भरा हुआ है जिसे दूर करने की सुध कोई नहीं ले रहा है। इसी मैदान मे एक प्रवेश द्वार में गड्ढे हो गए थे, जिसकी मरम्मत की गई थी, जिसकी मरम्मत के दौरान एक भाग के गेट को बंद कर दिया गया था, ताकि वह भाग जिसमें मरम्मत की गई है उस मरम्मत वाली जगह को पकने के लिए समय मिल सके, जिसके लिए करीब एक सप्ताह तक उस मरम्मत के सामने वाले एक गेट को बंद रखा गया था तथा मैदान का दूसरा गेट खोला गया था, लेकिन प्रवेश द्वार का वह हिस्सा इस एक सप्ताह के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खपरी के ग्रामीणों ने लिया चुनाव बहिष्कार का निर्णय



**बालोद।** ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने सरपंच कुलेश्वर सार्वा के नेतृत्व में कलेक्टरेट पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने अपने पूर्व के आवेदन पर कार्यवाही नहीं करने की शिकायत करते हुए उसका निराकरण नहीं होने के कारण चुनाव बहिष्कार करने की सूचना देते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम खपरी के ग्रामीणों द्वारा पूर्व में 8 अक्टूबर 2024 को इसके संबंध में शिकायत प्रस्तुत किया गया था, जिसके निराकरण का कोई प्रभाव ग्राम में अभी तक नहीं देखा गया है। इसलिए सभी ग्रामीणों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

## ओवरलोड ट्रक से बीच सड़क पर गिरने लगीं धान की बोरियां, बाल-बाल बचे राहगीर

हरिभूमि न्यूजःबालोद

- धान परिवहन में लगे वाहनों द्वारा उड़ाई जा रही हैं यातायात नियमों की धज्जियां

जिले में धान परिवहन में सारे नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है, जिसका खमियाजा आम नागरिकों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। पर सरकारी वाहनों की जांच कर वाहवाही लूटने वालों की नजर इस पर नहीं पड़ रही है।

समितियों से धान का उठाव के दौरान ट्रकों में धान की बोरों की इतनी ज्यादा मात्रा डाली जा रही है कि वाहन ओवरलोड तो हो रहा है, साथ ही उसकी ऊंचाई इतनी अधिक रहती है कि विद्युत तारों को भी छूने लगता है। मंगलवार को झलमला में घोटिया चौक पर धान से भरे ट्रक के ऊपरी भाग का धान बोरा अचानक नीचे गिरने लगा। इस दौरान कई दो पहिया वाहन बगल से निकल रहे थे।



धान के बोरों को गिरता देख वे आनन फानन में वहां से भागे, जिससे ऊंचाई से गिर रहे धान के बोरों की चपेट में आने से वे बाल बाल बचे। राहगीरों की सजगता से कोई हाताहत नहीं हुए, पर मार्ग जाम हो गया। वहीं ट्रक से धान के बोरे गिरते देख चालक द्वारा सावधानी बरतते हुए गाड़ी को सड़क किनारे लगाकर मजदूरों के माध्यम से पुनः गाड़ी में जमाया गया और नीचे गिरे धान के बोरे को हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल की गई। कुछ दिनों पूर्व भी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## डीएड प्रशिक्षित स्नातकोत्तर शिक्षकों को व्याख्याता के पदों पर दी जाए पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 में निहित प्रावधान के अनुसार डीएड प्रशिक्षित स्नातकोत्तर शिक्षकों को व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति दिए जाने की मांग की है।

उक्त पदोन्नति के लिए एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर व्याख्याता के लिए डीएड वालों को भी शामिल करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि शिक्षक पद में रहते हुए विभाग द्वारा ही डीएड कराया गया है, वहीं डीएड अब पदोन्नति हेतु मान्य नहीं, यह गलत है। विभाग डीएड व बीएड दोनों को पदोन्नति दे, पदोन्नति पश्चात समय देकर विभाग द्वारा बीएड कराया जाए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 5 मार्च 2019 को जारी छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम में स्पष्ट प्रावधान है कि शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला जो डीएड प्रशिक्षित स्नातकोत्तर हैं, उन्हें व्याख्याता पदोन्नति के लिए पात्र माना गया है। वर्तमान में व्याख्याता के हजारों पद पर पदोन्नति प्रस्तावित है, शिक्षा विभाग में एलबी संवर्ग के लिए व्याख्याता पद पर यह पहली पदोन्नति है, शिक्षक वर्षों से इंतजार कर रहे हैं, अतः डीएड प्रशिक्षित की भी पदोन्नति हो। छतीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का पक्ष यह है कि चूंकि पदोन्नति के लिए उक्त नियम में डीएड प्रशिक्षित को पात्र माना गया है, अतः सेवा में रहते हुए बहुत से शिक्षक बीएड प्रशिक्षण नहीं किये हैं, जिनकी पदोन्नति नहीं होने से विसंगति होगी। साथ ही डीएड प्रशिक्षित स्नातकोत्तर शिक्षकों को व्याख्याता पदोन्नति के लिए अपात्र करने से अनेकों पद की पूर्ति पदोन्नति से संभव नहीं हो पाएगी। शासन ▶▶| शेष पेज 12 पर

**यातायात पुलिस ने कलेक्टोरेट पहुंचकर चलाया जांच अभियान**

# यातायात नियमों का उल्लंघन, 40 शासकीय कर्मचारियों पर कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नियमों का उल्लंघन करने वालों से 19 हजार रूपए समंस शुल्क वसूला गया

कलेक्टर के आदेश के बाद यातायात पुलिस सक्रिय हो गई है। मंगलवार को प्रातः अचानक यातायात पुलिस कलेक्टोरेट पहुंच गई और प्रवेश द्वार पर ही कार्यालय आने वाले अधिकारियों की जांच करने लगी।

इस दौरान कई सरकारी वाहनों सहित कुल 40 शासकीय कर्मचारियों पर पुलिस ने 19 हजार रुपए समंस शुल्क वसूला गया। कलेक्टोरेट में प्रातः कार्यालय खुलने के समय अधिकारी कर्मचारियों के पहुंचने से पहले यातायात पुलिस पहुंच गई और कार्यालय में प्रवेश करने वाले अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वाहन चालन के समय सीट बेल्ट, हेलमेट सहित अन्य नियमों के पालन संबंधी जांच की गई। बालोद यातायात पुलिस ने कलेक्टर कार्यालय के सामने शासकीय कर्मचारियों पर चालानी कार्रवाई करते हुए सीजी 02, 03 वाहन के साथ 40 शासकीय कर्मचारियों पर पुलिस ने 19 हजार रुपए जुर्माना वसूला है। जिसमें 8 सीट बेल्ट वाले कार चालक, 30 हेलमेट वाले बाइक चालक, 2 ट्रिपल सीट के खिलाफ कार्यवाही की है।

### जांच होता देख कई लोगों ने बदल दिया रास्ता

इस दौरान पुलिस द्वारा की जा रही जांच में कई अधिकारी कर्मचारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर उन पर चालानी कार्रवाई पुलिस द्वारा की गई। वहीं, कई ऐसे अधिकारी कर्मचारी भी थे जो कार्यालय के सामने पुलिस द्वारा की जा रही जांच को दूर से देखते ही वहां से रफू चक्कर हो गए और पुलिस के जाने के बाद या कहीं अन्य जगह गाड़ी रखकर पैदल ही कार्यालय आते नजर आए।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


## आयोजन : दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

# ग्राम विनायकपुर के ग्रामीणों को मिली 70 लाख के विकास कार्यों की सौगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विनायकपुर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निकुम भाजपा मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच ललिता गजपाल ,महामंत्री पुरान देशमुख,पुकेश चंद्राकर ,अजीत चंद्राकर, भूथ अध्यक्ष जगन्नाथ देवांगन ,युवराज यादव, मोती मारकंडे ,त्रेता चंद्राकर, शक्तिबाई, वेदनाथ देशमुख ,रेखा लाल देशमुख , महेंद्र चौपड़ा, रितेश जैन, प्रदीप दिल्लीवार और ग्रामवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने बाजार चौक में गौठान के पास सार्वजनिक मंच निर्माण लागत राशि 3.80 लाख रुपए एवं व्यावसायिक परिसर में 19.43लाख रुपए की लागत से बनने वाले



कांप्लेक्स निर्माण का भूमिपूजन किया। वहीं, मैहर समाज के सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 5 लाख रुपए, दिल्लीवार पारा सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 10 लाख रुपए एवं वार्ड नंबर 17 शीतला पारा में 5 लाख की लागत से बने शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

सीसी रोड खुमान दिल्लीवार घर से धनसायं घर तक लगत राशि 3.20रुपए। सीसी रोड निर्माण कार्य अरुण गजपाल घर से टुम्मन घर तकलगत राशि 4.30लाख रुपए निर्मित कार्यों का लोकार्पण किया गया।

### इस बार 27 लाख से अधिक किसानों ने धान बेचने के लिए कराया पंजीयन

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने दान पुण्य के महापर्व छेरछेरा पुन्नी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक साल पूरे कर लिये हैं और इस एक साल के दौरान हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी के अनुरूप हमने हर वर्ग से जुड़े वायदों को पूरा किया है।हम हर महीने महतारी वंदन योजना की राशि माताओं और बहनों के खाते में भेज देते हैं। पहली तारीख को ही जब हमारी माताओं और बहनों के मोबाइल में मैसेज आता है तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। माताओं-बहनों के चेहरे पर आई यह मुस्कान ही हमारे कार्य की सार्थकता है।

श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि हमारी सरकार की कृषि हितैषी नीतियों की वजह से किसान फिर से खेती में लौट आये हैं। इस बार 27 लाख से अधिक किसान भाइयों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। पिछले साल यह आंकड़ा 24 लाख 75 हजार का था। कोंडागांव जिले में अब तक 40 हजार से अधिक किसान भाई अपना धान बेच चुके हैं और अब तक हम 552 करोड़ रुपए का भुगतान कर चुके हैं। हमने कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये। लाखों लोगों का मकान का सपना पूरा हुआ।

## शहरी पथ विक्रेताओं के लिए वरदान साबित हो रही पीएम स्वनिधि योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ योजना के तहत पहली बार दिया जाता है 10 हजार रूपए का ऋण

शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा प्रारंभ पीएम स्वनिधि योजना वरदान साबित हो रही है। फुटकर व्यापारी योजना के तहत क्रमबद्ध ऋण लेकर अपने व्यवसाय को लगातार बढ़ा रहे हैं।

नगरीय क्षेत्र में पथ विक्रेताओं को जो स्वयं के व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहते हैं, उन्हें प्रथम ऋण के रूप में 10000 दिया जाता है। उसका समय पर भुगतान करने पर द्वितीय ऋण के रूप में 20000 रूपए ऋण की पात्रता रहती है। उसका समय पर भुगतान करने पर तृतीय अवसर में 50000 रूपये का ऋण प्रदान किया जाता है। योजना अंतर्गत निकाय में प्रदाय लक्ष्य अनुसार सत्प्रतिशत रेड़ी, पसरा, स्ट्रीट वेंडरों को लाभ प्रदाय किया जा रहा है। नगर के झाडूराम ओझा ने बताया कि बाजार में चना-मुर्रा एवं अन्य सामान का ठेला लगाकर व्यवसाय कर रहा है, परंतु लॉकडाउन के समय उनका व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो गया था। फिर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत प्रथम ऋण के रूप में 10000, द्वितीय ऋण के रूपये में 20000 एवं तृतीय ऋण 50000 रूपये लेकर अपने व्यवसाय को फिर से चालू किया, जिससे आमदनी में वृद्धि हुई है और अपने परिवार के साथ खुशहाल जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उक्त योजना आरंभ कर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने हम जैसे छोटे व्यापारियों को संकट में सहारा देने का कार्य किया है।

## खबर संक्षेप




### गुरूर में निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार आज

**गुरूर।** बस स्टैंड गुरूर में जिले के प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ समाजसेवी गव्य सिद्ध डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में उनकी पुत्री गव्य सिद्ध डॉ टेमिन साहू द्वारा 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया है। नाड़ी विशेषज्ञ डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि यह सनातन संस्कृति की विशिष्ट चिकित्सा पद्धति परंपरागत आयुर्वेद चिकित्सा में कश्यप संहिता में वर्णित स्वर्ण प्राशन संस्कार मंत्रौषधि है। इस औशधि के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और शून्य से पंद्रह साल के बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि द्वारा पुष्य नक्षत्र में संस्कारित कर बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित किया जाता है, जिससे बच्चा ओजस्वी, तेजस्वी, बलवान और बुद्धिमान बने। उन्होंने बताया कि यह अभियान वर्तमान में आर्य संस्कृति गुरुकुलम राजकोट (गुजरात) से आचार्य प्रवर मेहुल शास्त्री द्वारा निर्देशित है।

### कचरा रखने सभी वार्डों में किया जा रहा है डस्टबीन का वितरण



**डौंडीलोहारा।** नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अंतर्गत शासन से प्राप्त निर्देशानुसार प्रतिदिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे एवं कर्मचारियों के साथ प्रातः भ्रमण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगरीय प्रशासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, डे एन यूएलएम योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ योजना आदि का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जा रहा है स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सभी वार्डों में डस्टबीन का वितरण किया जा रहा है। जीवीपी प्वाइंट चयन करते हुए तत्काल सफाई कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत सर्वेक्षण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है जिससे सभी पात्र हितग्राही को आवास का लाभ शीघ्र प्रदान किया जा सके। डे ऐनयूएलएम योजना अंतर्गत नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में स्व सहायता समूह के माध्यम से समूह का गठन कर महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो रही हैं। पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

### कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद के भू–अभिलेख शाखा में पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर रश्मि निर्मलकर का निधन हो गया। उनके निधन पर जिला कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर आशिष पेंद्रो सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# डौण्डी क्षेत्र में 710 आवासों का निर्माण पूर्ण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डी

नगर पंचायत डौण्डी क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 848 आवास स्वीकृति हुए हैं, जिनमें से 710 आवास निर्माण पूर्ण कर लिया गयाा है, जो कि आवासों का 84 प्रतिशत है।

शेष आवास प्रगति पर हैं, जिनका नगर पंचायत के अधिकारी संतोष देवांगन व उप अभियंता के द्वारा नियमित मॉनिटरिंग करते हुए किश्तों का भुगतान किया जा रहा है। नगर पंचायत डौण्डी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्कृष्ठ कार्य करते हुए, लोगों को सुविधाजनक आवास दिया जा रहा है। उक्त जानकारी नगर पंचायत डौण्डी के प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी संतोष कुमार देवांगन मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा दी गयी है। उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए उप अभियंता राकेश पाठक एवं सीएलटीसी, वास्तुविद् के सहयोग से कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण उपरांत योजना के लाभार्थियों द्वारा आवास प्राप्त होने पर केन्द एवं राज्य शासन के प्रति उनके द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### दल्लीराजहरा शहरी क्षेत्र में 327 पीएम आवास स्वीकृत, 252 का निर्माण पूर्ण

**दल्लीराजहरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत दल्लीराजहरा क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों को आवास की सुविधा प्रदान की जा रही है। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत कुल 327आवास स्वीकृत हुआ है, जिसमें 252 आवास पूर्ण कर लिया गया है। जो कुल स्वीकृत आवास का 77 प्रतिशत है, शेष आवास प्रगति पर हैं। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों, इंजीनियर द्वारा नियमित मॉनिटरिंग करते हुए किस्तों का भुगतान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के उप अभियंता भानूप्रकाश घोष एवं सीएलटीसी सैफ क़ाज़ी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में बिना घर वाले गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों को घर निर्माण या खरीदने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके साथ ही क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम के तहत होम लोन पर ब्याज दर में सब्सिडी प्रदान की जाती है। योजना का लाभ लेने के लिए नगर पालिका या नगर निगम कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, और निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के दोना-पत्तल का उपयोग रोकने स्टील की थाली व गिलास बांट रहे राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सिर्राभांठा निवासी समाजसेवी राजेश सिन्हा बालोद जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम चला रहे हैं। इसके

■ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सिर्राभांठा निवासी समाजसेवी चला रहे मुहिम

तहत वे अब तक अपने खर्चे से ही 22 गांवों के विभिन्न समाज के लोगों और संगठनों को स्टील की थाली और गिलास (200 के सेट) निशुल्क प्रदान कर चुके हैं, ताकि इसका प्रयोग सार्वजनिक आयोजनों में हो सके और प्लास्टिक का कचरा ना फैले। इस मुहिम के तहत हाल ही में समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा ग्राम सिर्राभांठा निवासी द्वारा ग्राम सतमरा में गायत्री परिवार को 200 नग थाली और 200 नग स्टील



गिलास प्रदान किया है। पूरी तरह से प्लास्टिक के कचरे जैसे प्लास्टिक डिस्पोजल, पत्तल आदि को बंद करने के इरादे के साथ उन्होंने प्लास्टिक मुक्त जिला निर्माण की पहल शुरू की है। इसके लिए वे दान स्वरूप थाली गिलास दे रहे हैं और उन संगठनों, समाज प्रमुखों और पंचायतों के प्रतिनिधियों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का शपथ पत्र भी भरवा रहे हैं। शपथ पत्र में प्लास्टिक के डिस्पोजल व दोना पत्तल के स्थान पर दान में दी गई थाली व गिलास का उपयोग करने की शपथ जिम्मेदारों द्वारा ली जाती है। उन्होंने दान के साथ अपील की है कि समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सामाजिक धार्मिक या व्यक्तिगत आयोजनों में भोजन करते या कराते समय सिंगल यूज प्लास्टिक, दोना पत्तल डिस्पोजल प्लास्टिक के चम्मच का उपयोग न करके स्टील के थाली गिलास का ही प्रयोग करें।

## कापसी में हर्षोल्लास से मनाई गई माता शाकंभरी जयंती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कोसरिया मरार समाज सम्बलपुर राज अंतर्गत ग्राम कापसी में माता शाकंभरी देवी की जयंती 14 जनवरी दिन मंगलवार को बड़े श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समाज के सभी सदस्य प्रातः काल मरार समाज के कुल देवी मां शाकंभरी एवं भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना व ध्वजारोहण पश्चात दिव्य कलश शोभायात्रा के तहत ग्राम भ्रमण किया गया। ग्राम पटेल बीर सिंग साहू ,संबलपुर राज व जिला अध्यक्ष दीपक पटेल ,दयाराम सूर्यवंशी , प्रदेश सलाहकार कोमल पटेल मरार समाज के अध्यक्ष रामेश्वर पटेल,एवं राजपंच बहुर पटेल, पोषण पटेल, कोषाध्यक्ष गजेश पटेल,संजय पटेल,जोहन पटेल,चंद्र भानू पटेल एवं समाज की महिलाओं ने ग्राम में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ी पारंपरिक छेरछेरा नृत्य भी किया गया। इस अवसर सर्व समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भी भाग लिया।

## दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


■ सोमवार को घोटिया जंगल मोड़ के पास हुई दुर्घटना

ग्राम घोटिया जंगल मोड़ के पास मेनरोड में सोमवार को दो बाईकों में टक्कर होने से एक बाइक चालक की मौत हो गई, वहीं दूसरे बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए हैं, जिनका इलाज जारी है। डौंडी थाने में सोमवार को मृतक के भतीजे की रिपोर्ट पर सीजी 24 वी 3066 के चालक के खिलाफ धारा 106(1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है, वहीं घायलों द्वारा शिकायत करने पर डौंडी थाने में मृतक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में ग्राम करहीभदर निवासी मृतक के भतीजा तीरथराम सिन्हा ने बताया कि गांव का चिंताराम सिन्हा रिश्ते में चाचा लगता है। जो सोमवार की सुबह करीबन 9 बजे मोटर सायकल क्रं. सीजी 07 एएफ 3976 से शिकारीटोला धानमंडी आया था। शिकारीटोला से वापस घर करहीभदर जा रहा था, ग्राम घोटिया के जंगल मोड़ के पास मेनरोड में पहुंचा था कि सामने से आ रही मोटर सायकल क्रं. सीजी 24 वी 3066 के चालक द्वारा चाचा चिंताराम सिन्हा को ठोकर मार दी जिसे राहगीर द्वारा 108 एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल डौंडी लाये जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर मृत्यु होना बताया गया। वहीं, घटना में घायल ग्राम पथराटोला निवासी जसवंत कुमार में बताया सोमवार को सुबह करीबन 8.30 बजे मोटर सायकल क्रं. सीजी 24 वी 3066 में अपने साथी डिलेश्वर कुमार के साथ मंगलतराई गए थे।

मोटर सायकल को डिलेश्वर कुमार चला रहा था। मंगलतराई से कागजात लेकर वापस घर आ रहे थे तभी ग्राम घोटिया जंगल मोड़ के पास मेनरोड में पहुंचे ही थे कि सामने की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रं. सीजी 07 एएफ 3976 के चालक ने मोटर सायकल को टक्कर मार दी जिसके बाद राहगीर द्वारा हम दोनों को ईलाज के लिये शासकीय अस्पताल घोटिया में ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डिलेश्वर कुमार को दल्लीराजहरा के निजी अस्पताल में ले जाकर उपचार कराया गया।

## नवनिर्वाचित जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन आज डौंडीलोहारा में, कार्यशाला में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




भारतीय जनता पार्टी बालोद जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष चेमन देशमुख का 15 जनवरी को नगर आगमन हो रहा है। वे डौंडीलोहारा और रेंगाडबरी मण्डल के कार्यकर्ताओं के कार्यशाला में शामिल होने आज आएंगे। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर मण्डल संगठन के द्वारा नगर के पुराने जनपद कार्यालय में दोपहर 1 बजे कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पार्टी द्वारा नियुक्त नगर पंचायत डौडी लोहारा के चुनाव प्रभारी राकेश यादव विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। जहां चुनाव की जानकारी देकर कार्ययोजना बनाई जाएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख दोपहर 1 बजे नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित काली मंदिर पहुंचेंगे। पूजा अर्चना के बाद नगर भ्रमण करते हुए स्वागत रैली कार्यक्रम स्थल पर पहुँचेगी, जहाँ डौंडीलोहारा व रेंगाडबरी मण्डल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा व उत्तरा घरेन्द्र सहित सभी पार्टी कार्यकर्ता स्वागत तैयारी कार्यक्रम में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ साथ जिला व मण्डल संगठन के समस्त पार्टी व नेता मौजूद रहेंगे।

## ग्राम डौकीडीह में श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म व वामन अवतार प्रसंग पर हुई चर्चा

# जब भी अवसर मिले श्रीमद् भागवत कथा अवश्य सुनें : पं वेदप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम डौकीडीह में चन्द्राकर परिवार द्वारा 9 दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य पं. वेदप्रकाश पांडेय श्री दुर्गा मंदिर नगपुरा जिला दुर्ग के महाराज ने भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव, वामन अवतार, गोवर्धन पूजा सहित अन्य कई अवतारों की चर्चा की।

इस दौरान जीवंत झांकियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो व जय कन्हैया लाल की.. के उद्घोष से गूंज उठा। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय सभी श्रोता झूमने और नाचने लगे। सुमधुर भजनों के साथ कथा श्रवण करने भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। वामन अवतार की कथा में बताया कि भगवान ने राजा बली से





दान में तीन ही पग मांगा। प्रभु ने पहले पग में राजा बली का मन नापा तो दूसरे में पूरी सृष्टि यानी धन को नाप दिया। जब तीसरे पग की बारी आई, तो राजा बली ने तन, मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कथावाचक ने मनुष्य को उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान श्रीरामचरित मानस के दोहों व चौपाइयों का संक्षेप में वर्णन करते हुए उसका सार बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह अवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा, जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे।

### जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है, ईश्वर अवतार लेते हैं

कथावाचक ने वामन अवतार की लीला के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पाप बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मथुरा में राजा कंस के अत्याचार से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रूप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भगवान कृष्ण व वासुदेव की सजीव झांकी से श्रोताओं का मन मोह लिया। श्रोताओं ने भगवान का पूजन कर ने माखन मिश्री का भोग लगाया। इस मौके पर महिला पुरुषों ने नंदोत्सव पर जमकर नृत्य किया। टेकू रामचंद्राकर ने बताया कि रोज के रोज भागवत कथा का समय दोपहर 12 बजे से शाम 05 बजे तक है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से - 29 मार्च से 08 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर-16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411